# मुख्य परीक्षा – 2022

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान,
अजमेर

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

बोर्ड प्रशासक की कलम से

<u>अपील</u>

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं से राज्य के 20 लाख से भी अधिक परीक्षार्थियों का भविष्य तथा उनके अभिभावकों के भावी सपने और आकांक्षायें जुड़ी है। क्षेत्रफल की दृष्टि से इतने विशाल और धरातलीय विविधताओं से पूर्ण राज्य में एक साथ इतनी संख्या में विद्यार्थियों की परीक्षा का स्वच्छ और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इन बोर्ड परीक्षाओं के साथ राज्य की प्रतिष्ठा एवं गरिमा भी जुड़ी है। परीक्षार्थी की वर्ष भर की मेहनत का मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों से आग्रह है कि वे अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन सजगतापूर्वक करे। परीक्षा आयोजन में छोटी सी चूक समूचे शिक्षक समाज की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा सकती है। मै आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि आपका आचरण बोर्ड, आपके विद्यालय, परिवार और समाज के प्रतिकूल नहीं होगा और आप इस बोर्ड की गरिमा को अक्षुण्ण बनाये रखेंगे।

(एल.एन.मंत्री)

प्रशासक

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा कार्यक्रम :

| | |
|---|---|
| सीनियर सैकण्डरी परीक्षा और वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा | 24.03.2022 से 26.04.2022 तक |
| सैकण्डरी, सैकण्डरी व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षा | 31.03.2022 से 26.04.2022 तक |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

कुल पंजीकृत परीक्षार्थी –

| | |
|---|---|
| सीनियर सैकण्डरी परीक्षा | 9,12,816 |
| वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा | 4,058 |
| सैकण्डरी परीक्षा | 10,94,337 |
| प्रवेशिका परीक्षा | 7,229 |
| कुल परीक्षार्थी | 20,18,440 |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा केन्द्र –

| | |
|---|---|
| कुल परीक्षा केन्द्र | 6067 |
| अ. संवेदनशील परीक्षा केन्द्र | 49 |
| ब. अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्र | 24 |
| नोडल परीक्षा केन्द्रों की संख्या<br>(जहां कलस्टर बनाकर प्रश्न पत्र रखे जाने है) | 64 |
| एकल परीक्षा केन्द्रों की संख्या<br>(जहां केन्द्रों पर ही प्रश्न पत्र रखे जाने है) | 177 |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## जिला परीक्षा संचालन समिति –

| | |
|---|---|
| जिला कलक्टर | अध्यक्ष |
| जिला पुलिस अधीक्षक | सह अध्यक्ष |
| मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी | सदस्य |
| जिला शिक्षा अधिकारी –माध्यमिक (मुख्यालय) | सदस्य सचिव |
| जिला शिक्षा अधिकारी–प्रारम्भिक (मुख्यालय) | सदस्य |
| अति. जिला शिक्षा अधिकारी कार्या. जिशिअ–माध्यमिक (मुख्यालय) | सदस्य |

महत्वपूर्ण – मुख्यालय पर प्रश्न–पत्र पहुंचने के उपरान्त इनकी सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला परीक्षा संचालन समिति की होगी।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## कन्ट्रोल रूम व्यवस्था –

| कन्ट्रोल रूम प्रारम्भ होने की तिथियां | |
|---|---|
| केन्द्रीय कन्ट्रोल रूम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय | 21-03-2022 से परीक्षा समाप्ति तिथि तक<br>24 घण्टे |
| जिला शिक्षा अधिकारी–माध्यमिक (मुख्यालय) एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय | 21-03-2022 परीक्षा समाप्ति तक<br>प्रातः 7.00 रात्रि 9.00 तक |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## बोर्ड केन्द्रीय कन्ट्रोल रूम

| | |
|---|---|
| परीक्षा नियंत्रण कक्ष :–<br>फोन नं. 0145–2632866, 2632867, 2632868<br><br>बोर्ड का केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष 21 मार्च, 2022 प्रातः 6.00 बजे से 24 घण्टे परीक्षा समाप्ति 26 अप्रेल, 2022 तक कार्यरत रहेगा। | **e-mail :-**<br>**1. secy-boser-rj@nic.in**<br>**2. ddexamfirst@gmail.com**<br>(परीक्षा विभाग से संबंधित कार्यों एवं नियंत्रण कक्ष के लिए)<br>**3. bserconf2018@gmail.com**<br>(गोपनीय विभाग से संबंधित कार्यों के लिए)<br>**4- website : http://rajeduboard.rajasthan.gov.in** |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्र वितरण व्यवस्था –

| | |
|---|---|
| जिला मुख्यालयों पर प्रश्न पत्रों पहुंचने की तिथि | |
| | उच्च माध्यमिक, वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा प्रथम चरण में दिनांक 24 मार्च, 2022 से 03 अप्रेल, 2022 तक की परीक्षा के प्रश्न पत्र दिनांक 20/21 मार्च को जिला मुख्यालयों पर पहुंचेंगे। |
| परीक्षा केन्द्रों को प्रश्न पत्र वितरण की तिथियां सीनियर सैकण्डरी एवं वरिष्ठ उपाध्याय सैकण्डरी एवं प्रवेशिका | उच्च माध्यमिक, वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा द्वितीय चरण में दिनांक 03 अप्रेल 2022 के पश्चात् तक की परीक्षा के प्रश्न पत्र दिनांक 31 मार्च/01 अप्रेल 2022 को पहुंचेंगे।<br><br>माध्यमिक परीक्षा, प्रवेशिका परीक्षा – तृतीय चरण दिनांक 26/27 मार्च 2022 को जिला मुख्यालयों पर पहुंचेंगे। |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## उड़नदस्तों के संबंध में –

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक के स्वयं के निरीक्षण दल तथा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वारा उड़नदस्तों का गठन निम्नानुसार किया जावे :–

| जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक **स्वयं दल** | जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक के द्वारा चिन्हित तहसीलों में **(गठित दल)** |
|---|---|
| 1. जिला शिक्षा अधि.(मुख्या.)मा.–संजोजक<br>2. राजपत्रित अधिकारी –सदस्य<br>3. राजपत्रित अधिकारी –सदस्य | 1. मुख्य ब्लॉक शि.अ./अति. जि.शि.अ. –संयोजक<br>2. राजपत्रित अधिकारी –संयोजक<br>3. राजपत्रित अधिकारी –संयोजक |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## उड़नदस्ता गठन हेतु जारी निर्देश–पत्र के निम्नलिखित बिन्दुओं विशेष ध्यान रखें :–

| कार्यवाही की जानी है। | कार्यवाही नही की जानी है। |
|---|---|
| 1. दिनांक 24.03.22 से 30.03.2022 तक केवल जि. शि.अधि. मुख्यालय (मा.) के स्वयं दल द्वाराही निरीक्षण किया जाना है। | 1. दिनांक 24.03.2022 से 30.03.2022 तक चिन्हित तहसीलों में जि.शि.अ. द्वारा गठित दलों की नियुक्ति नही की जानी है। |
| 2. दिनांक 30.03.2022 से परीक्षा समाप्ति तक निर्धारित सम्पूर्ण उड़नदस्ता दल नियमानुरूप गठित करने है। | 2. सेवानिवृत अधिकारी/कार्मिक को निरीक्षण दल में नहीं लगाएं।<br>3 परीक्षा कार्यों से डिबार हुए लोगों को उड़नदस्तों में नहीं रखें।<br>4. निरीक्षण दल में निजी सहायक/लिपिक नहीं लगाएं।<br>5. डीईओ व एडीईओ (माध्यमिक–मुख्यालय) एक ही समय में स्वयं मुख्यालय छोड़कर निरीक्षण पर नहीं जाएं। |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

उड़नदस्ता गठन हेतु जारी निर्देश–पत्र के निम्नलिखित बिन्दुओं विशेष ध्यान रखें :–

## उड़नदस्तों का गठन

1. संभागीय मुख्यालयों पर संयुक्त निदेशक के नेतृत्व में उनके क्षेत्राधिकार के लिए एक उड़नदस्ता दल का गठन।

2 उड़नदस्तों से सेवारत अध्यापक/ अधिकारी ही लगाएं।

## परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

1 पेपर वितरण से तीन दिन पूर्व जिशिअ (माध्यमिक – मुख्यालय) संवदेनशील/अतिसंवेदनशील/नए परीक्षा के का अनिवार्यतः निरीक्षण करें।

2. डीईओं प्रत्येक सात दिवस के अन्तराल में उड़नदस्ते के सदस्य बदलें।

## सुरक्षा इंतजाम

1. नोडल/एकल परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा को अवकाश दिवस/रात्रि में भी जांचे।

2 उड़नदस्ते के सदस्य स्वयं के मोबाईल फोन के कैमरे से भी केन्द्र की विडियाग्राफी कर सकेंगे।

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

उड़नदस्ता गठन हेतु जारी निर्देश–पत्र के निम्नलिखित बिन्दुओं विशेष ध्यान रखें :–

सामान्य/अन्य

1. डीईओ/एडीईओ (माध्यमिक–मुख्यालय) में से एक अधिकारी परीक्षा पर्यन्त अवधि में आवश्यक रूप से स्वयं के मुख्यालय–कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे।

2 केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की समुचित तैयारियों/व्यवस्थाओं का सत्यापन कर बोर्ड को प्रमाण–पत्र भेजेंगे।

3. परीक्षा सम्बन्धी कार्य के दौरान निजी वाहन बोर्ड नियम/शर्तों के अनुरूप ही काम में लिए जा सकेंगे।
निजी वाहन उपयोग करने की दशा में 9 रूपये प्रति. कि.मी. की दर से भुगतान किया जायेगा।
उड़नदस्ते को निरीक्षण हेतु राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत मासिक दरों के आधार पर भी संविदा वाहन के किराये का भुगतान देय होगा

4. परीक्षा समाप्ति के सात दिवस में समस्त निरीक्षण प्रतिवेदन बोर्ड को प्रेषित करे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा केन्द्रों की विडियोग्राफी –

प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील होने के कारण दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, बाड़मेर, झंझुनू, नागौर, सीकर, जोधपुर, जालोर, भरतपुर, धौलपुर जिलों के समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं राज्य के संवेदनशील/ अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर जहां सी.सी. टी.वी. कैमरे लगे हो उन्हें छोड़कर केन्द्रों पर प्रतिदिन विडियोग्राफी करवाई जायेगी। इसके अलावा अन्य जिलों में जिले के केवल एक उड़नदस्तें के साथ (रोटेशन के आधार पर) भी विडियोग्राफी करवाई जायेगी।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा केन्द्रों की विडियोग्राफी –

- प्राप्त सी.डी. की रिकॉर्डिंग में सभी निरीक्षित केन्द्रों की विडियो दृश्य के आधार पर पूर्ण भुगतान देय होगा केन्द्रों की विडियाग्राफी की रिकॉर्डिंग न्यूनतम 2 घण्टे या अधिक होने पर ही पूर्ण भुगतान देय होगा। 2 घण्टे से कम किन्तु 1½ घण्टा तक की विडियोग्राफी पर 75% एवं 1½ घण्टा से कम किन्तु 1 घण्टे तक की विडियोग्राफी होने पर 50% भुगतान ही देय होगा।
- पेपर लाने/खोलने वितरण/परीक्षा कक्षों में/उत्तरपुस्तिका पैकिंग के समस्त दृश्यों की निविदा नियमानुसार विडियोग्राफी करवायी जानी है।
- 11 जिलों के अतिरिक्त जिलों में केवल जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) द्वारा उड़नदस्तें के साथ विडियोग्राफी आवश्यक रूप से करवायी जानी है।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा केन्द्रों की विडियोग्राफी –

- विडियोग्राफी की दरे 11 संवेदनशील जिलों में खुली निविदा/ऑनलाईन आमन्त्रित कर, निर्धारित की जानी है, यदि दरे अधिक है तो जिला कलक्टर की निर्वाचित फर्म की दरे/बाजार दर की तुलना के उपरान्त दरों पर नेगोशियशन कर कार्य की उचित दरे स्वीकार करे। अप्रत्याक्षित दरो की स्वीकृति नही दी जानी है यह समस्त कार्य जिला परीक्षा संचालन समिति की देखरेख में किया जाना आवश्यक है। अन्य जिलों में सीमित निविदा/कोटेशन के माध्यम से दरे आमन्त्रित की जानी है।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## विडियोग्राफी के संबंध में विशेष निर्देश :–

पूर्व में विडियोग्राफर विडियो रिकॉडिंग उपलब्ध कराते रहे है उनके विडियो क्लिप का नामाकरण सही प्रकार से नहीं होता था जिससे कभी जांच करने की आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक घटनाक्रम की विडियो रिकॉडिंग ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इस वर्ष से प्रत्येक केन्द्र कोड के नाम का एक फोल्डर बनाकर उसमें निम्न सब फोल्डर बनाकर संबंधित विडियो क्लिप कापी करके भिजवाये–

### केन्द्र के नाम का फोल्डर

| | |
|---|---|
| 1- Police & Treasury | (अलमारी से प्रश्न पत्र निकालने का फिल्मांकन) |
| 2- Entrance | (केन्द्र का प्रवेश द्वार) |
| 3-Paper Opening | (प्रश्न पत्र के लिफाफे खोलने की कार्यवाही) |
| 4- Paper Distribution | (प्रश्न पत्रों का परीक्षा कक्ष में वितरण) |
| 5- Examination Rooms | (परीक्षा कक्षों के अन्दर के प्रत्येक कक्ष का कुछ क्षणों का विडियों) |
| 6- Answer Books Packing | (उत्तरपुस्तिकाओं की पैकिंग के वक्त के विडियो) |
| 7- Flying Squad | (फ्लाईंग स्क्वाड का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से प्रस्थान तक की विडियोग्राफी) |

विडियोग्राफी का बिल भेजते समय प्रत्येक केन्द्र की कितने समय की विडियोग्राफी की गई है इसका भी उल्लेख किया जाये। प्रत्येक परीक्षा दिवस की एक घण्टे से कम की विडियोग्राफी का भुगतान देय नहीं होगा। फिल्मांकन के समय दिनांक और समय का उल्लेख प्रत्येक दृश्य पर अंकित हो।

नोट :– परीक्षाकाल में परीक्षा केन्द्रों पर स्मार्टफोन का प्रयोग वर्जित है अतः मोबाइल से विडियोग्राफी की अनुमति नहीं है।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्र वितरण व्यवस्था :–

उच्च माध्यमिक परीक्षा 2022 के प्रश्न–पत्र दो चरण में जिला मुख्यालयों पर प्राप्त होंगे। **प्रथम चरण** में परीक्षा कार्यक्रमानुसार दिनांक 24 मार्च से 03 अप्रेल के मध्य सम्पादित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्न–पत्र दिनांक 20–21 मार्च को जिला मुख्यालयों पर पहुंचेगें। इनका वितरण दिनांक 21/22 मार्च को किया जायेगा तथा न्यूनाधिक्य की सूचना दिनांक 21 मार्च सायं अथवा 22 मार्च, 2022 प्रातः तक बोर्ड के नियंत्रण कक्ष, निदेशक (गोपनीय) के मोबाइल नम्बर व ई–मेल आई.डी. bserconf2018@gmail.com आवश्यक रूप से करे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्र वितरण व्यवस्था :–

**द्वितीय चरण** में दिनांक 03 अप्रेल के पश्चात् सम्पादित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्न पत्र दिनांक 31 मार्च/01 अप्रेल को जिला मुख्यलयों पर पहुंचेंगे। इनका वितरण 01/02 अप्रेल 2022 को किया जाये तथा न्यूनाधिक्य की सूचना दिनांक 01 अप्रेल, 2022 सायं अथवा 02 अप्रेल प्रातः तक बोर्ड के नियंत्रण कक्ष, निदेशक (गोपनीय) के मोबाइल नम्बर व ई–मेल आई.डी. bserconf2018@gmail.com आवश्यक रूप से दी जाये।

सैकण्डरी परीक्षा 2022 के प्रश्ंन–पत्र दिनांक 26–27 मार्च को जिला मुख्यालय पर पहुंचेंगे। इनका वितरण दिनांक 27/28 मार्च को किया जाये तथा न्यूनाधिक्य की सूचना दिनांक 28 मार्च सांय अथवा 29 मार्च, 2022 तक प्रातः तक बोर्ड के नियंत्रण कक्ष, निदेशक (गोपनीय) के मोबाइल नम्बर व ई–मेल आई.डी. bserconf2018@gmail.com आवश्यक रूप से दी जाये।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

जिला मुख्यालय पर प्रश्न–पत्र पर जिला परीक्षा संचालन समिति द्वारा प्राप्त किये जायेंगे तथा इन्हें अन्य कोषागार में रखवायेंगे। कोषागार के अतिरिक्त अन्य स्थान पर प्रश्न–पत्र रखवाने के संबंध में जिला परीक्षा संचालन की लिखित स्वीकृति प्राप्त कर ही सुरक्षित स्थान पर रखवाये जाये।

जिला मुख्यालय पर भेजे जाने वाले प्रश्न–पत्र जिस स्थान पर रखें जायेंगे, वहां 24 घंटे सशस्त्र पुलिस गार्ड (निःशुल्क) लगाये जायेंगं।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था –

शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के 10 कि.मी. के परिधि में स्थित सभी परीक्षा केन्द्रों के प्रश्न–पत्र पुलिस थाने में शिक्षा विभाग की अलमारियों में रखें जायेंगे। प्रश्न–पत्र अलमारी के एक ताले की सभी चाबी केन्द्राधीक्षक तथा दूसरे ताले की सभी चाबी अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक के पास रखी जायेंगी। इसकी सख्ती से पालना की जाये।

ऐसे केन्द्र जो पुलिस थाने से 14–15 कि.मी. की दूरी पर स्थित हैं तथा वहां से प्रश्न–पत्र रोजाना थाने से केन्द्र पर लाना सुरक्षित व सुविधाजनक हो, उनके प्रश्न–पत्र भी जिला शिक्षा अधिकारी की सहमति से शिक्षा विभाग की अलमारियों में पुलिस थाने में रखे जा सकेंगे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था –

जिन केन्द्रों की प्रश्न–पत्र अलमारी पुलिस थाने/चौकी पर नहीं रखी जा सकती, एक ही स्थान पर एक से अधिक परीक्षा केन्द्र होने पर किसी राजकीय विद्यालय को नोडल परीक्षा केन्द्र बनाकर उन सभी प्रश्न–पत्रों की अलमारी नोडल परीक्षा केन्द्र पर रखी जाये।

जो केन्द्र थाने अथवा नोडल परीक्षा केन्द्र से अधिक दूरी पर है, उनके प्रश्न–पत्र की अलमारी उसी केन्द्र पर रखी जाये। इन्हें एकल परीक्षा केन्द्र कहा जायेगा।

ऐसे केन्द्रों की उड़नदस्ते व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विशेष निगरानी रखी जाये तथा प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा हेतु ऐसी केन्द्रों पर प्रश्न–पत्र पहुंचने से परीक्षा समाप्ति तक दो–दो होमगार्ड 8–8–8 घंटे की ड्यूटी से 24 घंटे लगाये जाये।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्रों का परिवहन –

प्रश्न–पत्र पुलिस थाने से लाने हेतु संबंधित केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, एक अध्यापक एवं एक परिचारक साथ जाएं तथा प्रश्न–पत्रों के पैकिट मजबूत थैले में रखकर सुरक्षित लाये जाएं। यदि प्रश्न–पत्रों के पैकेट दो पहिया वाहन से लाये जा रहे हैं तो उनकी सुरक्षा के लिये एक और दो पहिया वाहन एस्कोर्ट के रूप में उनके पीछे–पीछे चले।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## पुलिस थानों में प्रश्न पत्र रखने के संबंध में –

जिन परीक्षा केन्द्रों की अलमारी पुलिस थाने में रखवाई जाती है, उन केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक एवं पेपर कॉर्डिनेटर को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पहचान पत्र जारी कर एक प्रति थाना अधिकारी को प्रेषित की जाये। थानाधिकारी द्वारा परिचय पत्र के आधार पर ही प्रश्न–पत्र अलमारी खोलने की व्यवस्था की जायेगी। प्रश्न पत्र की अलमारी पर दो ताले होंगे। इस अलमारी के पहले ताले की सभी चाबियां केन्द्राधीक्षक के पास और दूसरे ताले की सभी चाबियां अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक के पास होंगी। किसी भी दशा में दोनों ताले की चाबियां एक ही व्यक्ति के पास न हो।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्र के लिफाफों की रंग व्यवस्था –

माध्यमिक परीक्षा की प्रश्न–पत्र का मुद्रण सफेद कागज जिसके कवर पृष्ठ पर पीले रंग की पट्टी अंकित होगी। इसी प्रकार प्रवेशिका परीक्षा के प्रश्न पत्र पर गुलाबी रंग, उच्च माध्यमिक के प्रश्न पत्र पर नीले रंग तथा वरिष्ठ उपाध्याय के प्रश्न पत्र पर हरे रंग की पट्टी मुद्रित होगी।

प्रश्न पत्र के लिफाफों पर परीक्षा की दिनांक, वार व विषय का अंकित किया गया है। केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक एवं पेपर कॉर्डिनेटर परीक्षा कार्यक्रम से मिलान कर ही परीक्षा दिवस को प्रश्न–पत्र केन्द्र पर लाये जाये। इसमें किसी भी स्तर पर इसमें कौताही नहीं बरती जाये, इसका समस्त उत्तरदायित्व केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक एवं पेपर कॉर्डिनेटर का होगा।


# DEMOSTRATION FOR PACKING

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION 2020

## &

## OTHER CONFIDENTIAL MATERIALS

# PAPER SAMPLE




Question Paper Serial Number

PAPER CODE

Name of the Subject

Seal on Right Side


Pinning on Left Side

PAPER CODE

# INNER PACKETING

## PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEPS

### Inserting material in Polythene Bag




Inside Material Only Heading Portion will be visible

Packet Number

Qty inside the Cover

Question Paper Serial Number

# OUTER PACKETING

## PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEPS

**After inserting material in Polythene Bag again material kept in Security Bag (Temper Proof Bag)**



# PACKET LABEL SPECIMEN

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2020

प्रश्न-पत्र का संकेतांक **SS-11**

विषय : **POLITICAL SCIENCE**

परीक्षा का दिनांक : Wednesday, 11-03-2020

समय : 08.30 AM to 11.45 AM

प्रश्न-पत्र का संख्या : **100**

लिफाफा संख्या : **1**

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 3100001 to 3100100

केन्द्राधीक्षक के हस्ताक्षर तथा पद ..........................................................

लिफाफा खोलने का समय ...................... दिनांक .............................

*साक्षियों के हस्ताक्षर तथा पद*

(अ) अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक - प्रथम

हस्ताक्षर ............................ नाम ..............................................

विद्यालय ..............................................................................

(ब) वीक्षक :- 1. हस्ताक्षर ............................... नाम ...............................

विद्यालय ..................................................................

वीक्षक :- 2. हस्ताक्षर ............................... नाम ...............................

विद्यालय ..................................................................

# CENTRE & DAY WISE POLYTHENE BAG PACKETING

## SEALED SECURITY BAG WILL BE INSERTED IN PLAIN POLYTHENE BAG

*(Centre and Day wise)*




**Centre & Day wise Slip**

***(Showing information)***

**All the Security Bag of that Centre are packed in Plain Polythene bag after through Computerised checking (by Barcode)**

# CENTRE & DAY WISE PACKING SLIP

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2020

CENTRE & DAY WISE QUESTION PAPER PACKETING INFORMATION

**DATE : 11-03-2020**

| Dist. Code | Centre Code | Day | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | 32001 | 04 | | | | | |
| QUESTION PAPER CODE | SUBJECT NAME | PACKETS SERIAL NUMBER | | | | TOTAL PACKETS | TOTAL PAPERS |
| | | Deno. : 100 | Deno. : 50 | Deno. : 20 | Deno. : 10 | | |
| SS-11 | Political Science | 1<br>Packets : 1 | 20001<br>Packets : 1 | 30001<br>Packets : 1 | 40001<br>Packets : 1 | 4 | 180 |
| QP. SL. No. : 6 | | | | | | 4 | 180 |

*00006*

# CORRUGATED BOX PACKING

**All the Plain Polythene Bags of that Centre are packed in Corrugated Box after through Checking**



**Material Information (Centre wise List) along with Question Papers details**






**Closed Corrugated Box with material details**

# CENTRE WISE PACKING STATEMENT

## PACKING LIST

| Dist. Code | Centre Code | SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2020 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | 32001 | | | | | | | | |
| QUESTION PAPER CODE | SUBJECT NAME | Box No. | Slip No. | PACKETS SERIAL NUMBER | | | | TOTAL PKTS. | TOTAL PAPERS |
| | | | | Deno. : 100 | Deno. : 50 | Deno. : 20 | Deno. : 10 | | |
| SS-02 | English<br>Date : 05-03-2020 | 1 | 1 | 1<br>Packets : 1 | 20001<br>Packets : 1 | 30001<br>Packets : 1 | 40001<br>Packets : 1 | 4 | 180 |
| SS-01 | Hindi<br>Date : 07-03-2020 | 1 | 2 | 1<br>Packets : 1 | 20001<br>Packets : 1 | 30001<br>Packets : 1 | 40001<br>Packets : 1 | 4 | 180 |
| SS-11 | Political Science<br>Date : 11-03-2020 | 1 | 3 | 1<br>Packets : 1 | 20001<br>Packets : 1 | 30001<br>Packets : 1 | 40001<br>Packets : 1 | 4 | 180 |
| SS-13 | History<br>Date : 17-03-2020 | 1 | 4 | 1<br>Packets : 1 | 20001<br>Packets : 1 | 30001<br>Packets : 1 | 40001<br>Packets : 1 | 4 | 180 |

# CORRUGATED BOX SHRINK IN MACHINE

Corrugated Box are sealed with Confidential Security Box Tape

Strapping with Confidential 2 Strip




Confidential LDPE Film Wrapped and Shrink on Machine

# SPECIMEN OF BOX LABEL

*(Showing District Code, Centre Code, Subject and Qty.)*

**SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2020**

| BOX NO. | 1 |
|---|---|


| DISTRICT CODE | 32 |
|---|---|

| CENTRE CODE | 32001 |
|---|---|

* 0 0 0 1 *

| CODE | SUBJECT | Qty. |
|---|---|---|
| SS-02 | English | 180 |
| SS-01 | Hindi | 180 |
| SS-11 | Political Science | 180 |
| SS-13 | History | 180 |

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION - 2020




**MODEL PAPER**




**Polythene Bag**

**Sealed Security Bag (Temper Proof)**




**Corrugated Boxes wrapped & Shrink with LDPE Film on Machine**




# Demonstration for Packing of

# SECONDARY EXAMINATION

# Confidential Material

# PAPER SAMPLE




Paper Code

Booklet Serial No.


Name of the Subject

3 Pins on Left Side

Perforation along the side to tear and open the paper


Printer Code

# Paper Tearing Demonstration



# PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEPS

**Step : 1 After Completion of Printing & Binding work, 10 copies are bundled with a blue strip**




# PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STI

**Step : 2 After adding a blue a strip to every 10 copies, inserting material in YELLOW Polythene cover as per the Label pasted on cover**

**Packet Number**

**Only heading visible through the window**




**Centre Code**

**Booklet Numbering**

**Subject Code**

**Qty inside the Cover**

# PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEPS

Step :3 After inserting material in YELLOW Polythene cover, material will be inserted into Tamper Proof Secure HDPE Envelope.

Label on Envelope




Inside Material information with Booklet Numbering

# PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEP DAY WISE

**Step :4 Material will be packed day wise as per the data given by you**

**Center Number**

**Booklet from number and ending number**

**Quantity**

**Date of exam.**

**Secondary Examination, 2022**


Dist. Code: **101** | Dist. Name: AJMER | Center Code: **01001**

| Subject Name | Code | Date of Exam. | Printer Code | Qty | Denomination PKT 100's | PKT 50'S | PKT 20'S | PKT 10'S | TOTAL PKTS | Booklet No. From | Booklet No. To | Packet No. From | Packet No. To |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ENGLISH-I | S-02-ENGLISH | 31/03/2022 | 6002 | 120 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 120 | 1 | 2 |
| | | | | **120** | | | | | **2** | | | | |
| SCIENCE-I | S-07-SCIENCE | 05/04/2022 | 6003 | 120 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 120 | 1 | 2 |
| | | | | **120** | | | | | **2** | | | | |
| MATHEMATICS-I | S-09-MATHEMATICS | 12/04/2022 | 6005 | 120 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 120 | 1 | 2 |
| | | | | **120** | | | | | **2** | | | | |
| SOC.SCIENCE-I | S-08-SOCIAL SCIEN( | 18/04/2022 | 6004 | 120 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 120 | 1 | 2 |
| | | | | **120** | | | | | **2** | | | | |
| SANSKRIT-I | S-71-SANSKRIT | 22/04/2022 | 6006 | 120 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 120 | 1 | 2 |
| | | | | **120** | | | | | **2** | | | | |
| HINDI-I | S-01-HINDI | 25/04/2022 | 6001 | 120 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 120 | 1 | 2 |
| | | | | **120** | | | | | **2** | | | | |

# PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEP DAY WISE


**Step :5 After thorough checking, each day separate packets will be kept in a box with a detailed List of material packed in that particular box**





# PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEPS


**Step :6 Closed Corrugated Box material Details**




Box label with information about the material inside the box

# PACKING OF CONFIDENTIAL MATERIAL STEPS

Step :7 Corrugated Box stitched with HDPE bag and strapped.




Label with Information about material inside the box

Secure strapping horizontally and vertically

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## प्रश्न पत्रों का रिकॉर्ड संधारण –

प्रश्न–पत्र प्राप्त होने पर इनका सम्पूर्ण रिकॉर्ड एक रजिस्टर का निम्न प्रारूप में संधारण किया जाये।

आपके केन्द्र के प्रश्न–पत्र प्राप्त होने पर इनका सम्पूर्ण रिकॉर्ड एक रजिस्टर में संधारण किया जायेगा जिसमें निम्नांकित प्रविष्टियां की जाये :–

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | दिनांक | परीक्षा | विषय | विषय कोड | प्राप्त लिफाफों की सं. | प्राप्त कुल प्रश्न पत्रों की सं. | उपयोग में लिये गये प्रश्न पत्र | परीक्षक प्रति | अनु. परीक्षार्थी | शेष बचे प्रश्न पत्र | ह0 परीक्षा प्रभारी | ह0 केन्द्रा धीक्षक |

उपरोक्तानुसार विवरण का एक रजिस्टर में परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व एक रजिस्टर में आवश्यक रूप से संधारण करें। परीक्षा आरम्भ के आधे घंटे बाद सभी कक्षों से शेष रहे प्रश्न पत्र मंगवाकर अलमारी में सील्ड कर रखें जाये तथा समस्त प्रविष्टियां पूर्ण करें, जो परीक्षार्थी परीक्षा दिवस को अनुपस्थित रहे हैं, उनके प्रश्न–पत्रों पर वीक्षक द्वारा नामांक अंकित किये जाऐंगे तथा विवरण बनाकर इसे सील्ड लिफाफों के साथ रखे जाये। उड़नदस्ते द्वारा निरीक्षण दौरान इसमें कौताही पाई जाने पर यथा प्रश्न पत्रों का रजिस्टर में इन्द्राज नहीं किया जाना, तथा शेष प्रश्न–पत्र अलमारी में सील्ड अवस्था में नहीं पाये जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उड़नदस्ते के सदस्यों को भी उपरोक्त रजिस्टर का निरीक्षण कराकर उनके भी हस्ताक्षर लिये जाए।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## पेपर कॉर्डिनेटर –माईक्रोऑब्र्जवर की नियुक्ति –

जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक)मुख्यालय द्वारा जिले में प्रश्न–पत्र वितरण के प्रभावी सुपरविजन हेतु पुलिस थानों/पुलिस चौकियों/नोडल परीक्षा केन्द्रों/एकल परीक्षा केन्द्रों पर पेपर कॉर्डिनेटर नियुक्त किये जायेंगे। ये पेपर कॉर्डिनेटर शिक्षा विभाग के राजपत्रित अधिकारी होंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारी उपलब्ध नहीं होने पर राजकीय सेवाओं के राजपत्रित अधिकारी नियुक्त किये जा सकते हैं।

पेपर कॉर्डिनेटर आवश्यक रूप से पुलिस थाने (जहां प्रश्न–पत्र रखें हैं) प्रातः 7.30 बजे उपस्थित होंगे।

माईक्रोऑब्र्जवर की नियुक्ति जिला कलक्टर द्वारा अति संवेदनशील, संवेदनशील एवं निजी विद्यालय में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर की जायेगी। माईक्रोऑब्र्जवर के रूप में अन्य राजकीय सेवाओं के राजपत्रित अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## केन्द्राधीक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक की नियुक्ति –

केन्द्राधीक्षक की नियुक्ति :– निर्देशानुसार

2. अतिरिक्त केन्द्राधीक्षकों की नियुक्ति

आधार– केन्द्र पर पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| क. | 1000 परीक्षार्थियों तक | एक |
| ख. | 1001 से 1500 परीक्षार्थियों तक | दो |
| ग. | 1501 से 2000 परीक्षार्थियों तक | तीन |
| घ. | 2001 से 2500 परीक्षार्थियों तक | चार |
| त. | 2501 से 3000 परीक्षार्थियों तक | पांच आदि। |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

वीक्षकों की नियुक्ति :–

परीक्षा केन्द्र पर वीक्षकों की संख्या

क. कक्षा में परीक्षार्थी संख्या — वीक्षक

| कक्षा में परीक्षार्थी संख्या | वीक्षक |
|---|---|
| 25 तक | एक |
| 26 से 50 तक | दो |
| 51 से 75 तक | तीन |
| 76 से 100 तक | चार आदि। |

ख. आरक्षित :–

परीक्षा केन्दों पर 1000 परीक्षार्थियों तक जो परीक्षा प्रभारी हो उनको अपने विषय के अतिरिक्त आरक्ष वीक्षक के रूप में माना जायेगा एवं 1000 से अधिक परीक्षार्थी होने पर एक अतिरिक्त आरक्ष वीक्षक नियुक्त कर सकेंगे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

वीक्षक की नियुक्ति के संबंध में :–

• राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालय जहां केवल स्वयं की शाला के ही विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है, ऐसे केन्द्रो पर अन्य सरकारी विद्यालयों से वीक्षकों/स्टॉफ की नियुक्ति की जावे।

• समस्त परीक्षा केन्द्रो पर किसी भी वीक्षक/परीक्षक/अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक को मोबाईल रखने की अनुमति नहीं दी जाए अर्थात परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल नहीं रहेगा। परीक्षा केन्द्र से सम्पर्क के लिये शाला के लैण्डलाईन दूरभाष वार्ता की जाऐ। केवल केन्द्राधीक्षक को "की–पेड" वाला मोबाईल रखने की अनुमति रहेगी।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

पर्यवेक्षकों की नियुक्ति :–

परीक्षा केन्द्र पर पर्यवेक्षकों की संख्या

| | |
|---|---|
| एक से अधिक वीक्षकों वाले कक्ष के लिए | कोई नहीं |
| एक वीक्षक वाले एक कक्ष के लिए | कोई नहीं |
| एक वीक्षक वाले 2 से 5 कक्ष के लिए | एक |
| एक वीक्षक वाले 6 से 9 कक्ष के लिए | दो |
| एक वीक्षक 10 से 13 कक्ष के लिए | तीन |
| एक वीक्षक वाले 14 से 17 कक्ष के लिए | चार |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## उत्तर–पुस्तिकाओं से संबंधित :–

परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड से भिजवाई गई उत्तर–पुस्तिकाओं का संधारण निर्देश पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 5 निर्देश 8 (5) अनुसार किया जाये।

परीक्षा दौरान वीक्षक/पर्यवेक्षकों को दी गई उत्तर–पुस्तिकाऐं एवं अन्य सामग्री का रिकॉर्ड परीक्षा संचालन निर्देशिका की पृष्ठ संख्या 05 के निर्देश संख्या 08(5) के प्रारूप के अनुसार किया जाये। प्रतिदिन स्टॉक में से ली गई उत्तर–पुस्तिकाओं में से जो प्रयोग में लाई गई है, उनका पूर्ण विवरण एक रजिस्टर में संधारण किया जाये।

परीक्षा समाप्ति उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं की गणना एवं बण्डल बनाने का कार्य केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक, ऑब्जर्वर, परीक्षा प्रभारी की उपस्थिति में किया जाये तथा गोपनीय शाखा द्वारा भिजवाये गये प्रपत्र 27 में प्रमाणीकरण प्राप्त कर इसे संधारित किया जाये। उड़नदस्ता के सदस्यों द्वारा निरीक्षण दौरान उन्हें भी संधारित रजिस्टर का अवलोकन कराकर हस्ताक्षर लिये जाये। बोर्ड द्वारा इस प्रपत्र को परीक्षा उपरान्त अनुपस्थित परीक्षार्थियों के प्रपत्र संख्या 31 (अ) (ब) के साथ रखकर भिजवावे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## उत्तर–पुस्तिकाओं से संबंधित :–

- इस वर्ष की व्यवस्था अनुसार प्रथमतः 390/360 परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाऐं एक परीक्षक को तथा शेष उत्तर पुस्तिकाऐं इसी क्रम में विस्तृत विवरण निर्देश पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 09 के निर्देश संख्या 10(03) में उल्लेख किया गया है।

- उत्तर पुस्तिकाओं का बण्डल पैक करने के बाद पैकेट के उपर बोर्ड द्वारा भिजवाये गये प्रपत्र संख्या 28 में कार्यालय द्वारा भेजी गई गोपनीय केन्द्र संकेतांक की रबर सील लगाई जाये। किसी भी स्थिति में केन्द्र का मूल क्रमांक अथवा केन्द्र का स्थान अंकित नहीं करें। ऐसा पाये जाने पर केन्द्राधीक्षक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस प्रपत्र के दाहिनी ओर परीक्षक क्रमांक भी गोपनीय शाखा द्वारा पृथक से भेजा जायेगा, अंकित किया जाये।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## उत्तर–पुस्तिकाओं से संबंधित :–

- उक्त प्रक्रियानुसार आपके केन्द्र पर परीक्षावार/विषयवार एक या एक से अधिक बण्डल तैयार होंगे। इन सभी बण्डलों को चारों ओर से सूतली बांधकर टाट/कपडे में बांधकर भिजवाये तथा इसके ऊपर बाहरी स्लिप प्रपत्र 28 चिपकाया जाये। इस स्लिप पर मूल परीक्षा केन्द्र का क्रमांक ही अंकित किया जाये। गोपनीय संकेतांक अथवा केन्द्र/विद्यालय की मोहर, स्थान का विवरण नहीं लिखा जाये। बंडल के ऊपर प्रपत्र संख्या 25 पर लगाई जाने वाली केन्द्र संकेतांक की रबड मोहर व परीक्षक क्रमांक भिजवाय जायेंगे। अतः पृष्ठ संख्या 9 निर्देश संख्या 10, 5 को विलोपित समझा जाये।

- एक ही दिवस में विभिन्न परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के भिन्न भिन्न विषयवार पैकेट्स बनाने के बाद उन पर सम्बन्धित विषय के परीक्षक कमांक का अंकन सावधानी पूर्वक किया जाये, ताकि परीक्षक को सही विषय की उत्तर पुस्तिकाऐं प्राप्त हो सके। कई बार देखने में आता है कि एक ही दिवस में अलग–अलग विषयों के बनाये गये विषयवार पैकेट्स पर परस्पर परीक्षक कमांक अंकित कर देने से उत्तर पुस्तिकाऐं सम्बन्धित विषय के विषयाध्यापक के स्थान पर अन्य परीक्षक को चली जाती है। परीक्षक को गलत उत्तर पुस्तिकाऐं प्राप्त होने पर पर उनसे उत्तर पुस्तिकाऐं मंगवाकर सही परीक्षक को उत्तर पुस्तिकाऐं भिजवाने में अत्यधिक समय लग जाता है। अतः यह कार्य बहुत ही सावधानी पूर्वक किया जाये।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

उत्तर–पुस्तिकाओं से संबंधित :–

- उत्तर पुस्तिकाओं के पैकेट्स बनाने में अखबार का प्रयोग नहीं किया जाये तथा परीक्षक के बण्डल के अन्दर विद्यालय के छपे हुए लेटर हेड आदि पर कोई सूचना अथवा किसी प्रपत्र पर केन्द्र का नाम अंकित नहीं किया जाये, इससे गोपनीयता भंग होती है। उत्तर पुस्तिका के बनाये गये टाट/कपडे के पैकेट्स पर मार्कर पेन अथवा गहरी मार्कर स्याही से केन्द्र का मूल क्रमांक अंकित नहीं किया जाये। इससे भी गोपनीयता भंग होती है। ऐसा पाये जाने पर केन्द्राधीक्षक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

- उत्तर पुस्तिकाओं का पैकेट्स बनाने के बाद बोर्ड द्वारा स्थापित संग्रहण केन्द्र पर सुरक्षित रूप से भिजवाई जाये तथा निर्देश पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 10 पर दिये गये निर्देश संख्या 11 में दिये गये प्रारूप अनुसार रजिस्टर का संधारण कर उत्तर पुस्तिकाऐं जमा करायी जाये। निर्देश पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 6 से 10 पर दिए गए निर्देश 7 से 11 का भी आवश्यक रूप से अध्ययन कर लेवें।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में :–

इस वर्ष प्रत्येक केन्द्र से प्रतिदिन परीक्षा समाप्ति के पश्चात् अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये पोर्टल पर परीक्षार्थियों का विवरण ऑनलाईन प्रविष्ठ करेंगे।

कार्यालय द्वारा अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में भिजवाये गये प्रपत्र संख्या 31 (A,B) की प्रतिदिन पूर्ति करते हुए परीक्षा उपरान्त इसे प्रपत्र संख्या 27 के साथ लिफाफा 6] 10A] 10B में आवश्यक रूप से रखकर निदेशक गोपनीय को पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से भिजवावे। अनुपस्थित रहे परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्र लिफाफा परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घण्टे पश्चात् सीलड कर और समय दर्ज कर विद्यालय की अलमारी में रखेंगे। उड़नदस्तों को निर्देश दिये जाते है कि परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण के दौरान अप्रयुक्त प्रश्न पत्रों के सील्ड लिफाफों की जांच आवश्यक रूप से करे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## CWSN परीक्षार्थियों के संबंध में :–

CWSN परीक्षार्थियों हेतु निर्देश पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 17 मे दिये गये निर्देश संख्या 20 मे विस्तृत रूप से उल्लेख किया गया है। हाल ही में भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा जारी नई गाईड अनुसार, बोर्ड द्वारा पृथक से आदेश जारी कर विवरण संलग्न इसे बोर्ड की वेबसाईट पर भी अपलोड किया गया है। समस्त केन्द्राधीक्षक इसकी पालना सुनिश्चित कराये।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

उत्तर–पुस्तिका का अंकन :–

• समस्त परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन राजकीय सेवारत शिक्षक जो 'शाला दर्पण' में पंजीकृत हो, उन्हीं से करवाया जावे। किसी भी कार्मिक द्वारा आवंटित कार्य अस्वीकार करने या नहीं करने पर संबंधित कार्मिक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जावे।

• यदि कोई कार्मिक गम्भीर बीमारी, दिव्यांगता अथवा अन्य यथोचित ठोस कारण से मजबूर/असमर्थ हो उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी की अनुशंषा से मुक्त रखा जावे। गत वर्ष की परीक्षाओं मे संदिग्ध, लापरवाही अथवा दण्डित कर्मियों को इस वर्ष की परीक्षाओं में नियुक्त नहीं किया जावे।

• जिले के सभी संग्रहण केन्द्रो के नियंत्रक अधिकारी संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय रहेंगे एवम् बंडल पहुंचने के तीन दिवस में अनिवार्यतः वितरण सुनिश्चित करेंगे।

•अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) मुख्यालय जिले के सभी केन्द्रों के नोडल अधिकारी होंगे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति में लिये गये निर्णयानुसार –

- प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक कक्ष में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के परीक्षार्थियों को आनुपातिक रूप से मिक्स कर बैठाये।
- राज्य सरकार के आदेशानुसार जिन परीक्षा केन्द्रों पर एक से अधिक निजी विद्यालयों के परीक्षार्थी प्रविष्ट हो रहे हैं, उन सभी निजी विद्यालयों से एक एक प्रतिनिधि केन्द्र पर उपलब्ध रह सकता है। जिन विद्यालय की छात्र संख्या सबसे अधिक होगी, उसका प्रतिनिधि सहायक समन्वयक कहलायेगा तथा शेष विद्यालयों के प्रतिनिधि ऑब्जरवर्स कहलायेंगे।
- राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी निजी विद्यालय अपने विद्यालय के अनुभवी अध्यापकों जो विगत तीन वर्षों से शिक्षक के रूप में विद्यालय से कार्यरत है, का पैनल बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पैनल में से विद्यालयों के अध्यापकों को केन्द्रों पर परीक्षा संचालन समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जायेगा। सह समन्वयक तथा ऑब्जरवर भी इस पैनल में से नियुक्त किये जायेंगे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति में लिये गये निर्णयानुसार –

• राज्य सरकार के आदेशानुसार यदि किसी निजी विद्यालय में उस विद्यालय के छात्र भी परीक्षा दे रहे हैं तो ऐसी स्थिति में उस विद्यालय का प्रधानाचार्य अथवा उसके द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर दोनों में से एक ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रह सकेगा। इन्हें परीक्षा कक्ष अथवा प्रश्न–पत्र खोलने के कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

• राज्य सरकार के आदेशानुसार निजी विद्यालय परीक्षा का केन्द्र होने पर उस विद्यालय का प्रधानाचार्य अथवा उसके द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर राजकीय विद्यालय से नियुक्त केन्द्राधीक्षक के सहयोग/समस्या समाधान हेतु शाला में उपस्थित रह सकेगा। इन्हें परीक्षा कक्ष अथवा प्रश्न पत्र खोलने के कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

उक्त स्थितियों में नियुक्त सहायक समन्वयक/ ऑब्जर्वर/ प्रधानाचार्य/शाला प्रधान को परीक्षा कक्षों एवं प्रश्न–पत्र खोलने वाले कक्ष में जाने की अनुमाति नहीं होगी। यह केवल बाहर से परीक्षा व्यवस्था अवलोकन कर सकेंगे तथा इन्हें मोबाईल फोन रखने की अनुमति नहीं होगी। ये सभी अपनी सेवाएँ निःशुल्क देंगे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

अन्य प्रमुख निर्णय –

•प्रत्येक थाने / पुलिस चौकी, नोडल एवं एकल परीक्षा केन्द्रों पर पेपर कोर्डिनेटर नियुक्त होंगे। पेपर कार्डिनेटर प्रश्नपत्र वितरण पश्चात् किसी केन्द्र पर माइक्रो ऑब्जर्वर का कार्य भी करेगा।

•संवेदनशील, अतिसंवेदनशील, दूरदराज के परीक्षा केन्द्रों तथा सभी निजी विद्यालय परीक्षा केन्द्रों पर माइर्क्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जायेगी।

•भाषा विषयों को छोडकर शेष सभी विषयों में केवल एक प्रश्नपत्र होगा (प्रवेशिका में संस्कृतम् I, II को छोडकर) तथा सभी विषयों के प्रश्नपत्र द्विभाषीय अर्थात् हिन्दी एवं अंग्रेजी में होंगे।

•पूरक उत्तरपुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जायेगी। सभी प्रश्न मुख्य उत्तरपुस्तिका में ही हल करने हैं। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों यथा उत्तरपुस्तिका क्षतिग्रस्त होने, पृष्ठ कम होने, मुद्रण त्रुटि होने अथवा उत्तरपुस्तिका भर जाने पर नई उत्तरपुस्तिका दी जा सकेगी।

•उपस्थिति पत्रक पर परीक्षार्थियों के फोटो का मिलान कर हस्ताक्षर कराये जाने हैं।

•केवल उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ एवं अन्तिम पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर नामांक लिखना है। किसी अन्य स्थान पर नामांक नहीं लिखें।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

अन्य प्रमुख निर्णय –

•उत्तर पुस्तिका के अन्त में समाप्त शब्द लिखना है तथा रिक्त पृष्ठों को तिरछी लाईन से काटना है।

•प्रश्न पत्र पर परीक्षार्थी का नामांक लिखना है। प्रश्नपत्र पर हल नहीं लिखा जाये अन्यथा अनुचित साधन का प्रकरण माना जायेगा।

•अतिसंवेदनशील तथा संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की विशेष व्यवस्था करनी है।

•पुलिस थाना / चौकी अथवा नोडल केन्द्र से प्रश्नपत्रों के पैकेट्स यदि दो पहिया वाहन पर लाये जाते हैं तो उनके पीछे सुरक्षा के लिये एक और दो पहिया वाहन एस्कोर्ट के रूप में लाया जाये।

•एकल / नोडल परीक्षा केन्द्रों पर 24 घंटे सुरक्षा हेतु 8–8–8 घंटे की ड्यूटी पर दो शिक्षक, दो चौकीदार एवं दो होमगार्ड की नियुक्ति की जावे।

•थाना / पुलिस चौकी एवं नोडल केन्द्र से प्रश्नपत्रों के पैकेट लाने हेतु दस किलोमीटर की परिधि तक रू.150/– तथा दस किलोमीटर से अधिक परिधि के लिये रू.200/– प्रतिदिन वाहन व्यय भुगतान देय होगा।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## अनुचित साधनों की रोकथाम के संबंध में :–

अनुचित साधनों के रोकथाम हेतु राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 1992 विद्यमान है। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में नकल विरोधी विधेयक, राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2022 राजस्थान विधान सभा में पेश किया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सहित सभी निगम आदि इस विधेयक/कानून के दायरे में आऐंगे। अतः परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर एवं नोटिस बोर्ड पर भी एतद सूचना चस्पा कर देवे। परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर उसके विरूद्ध इन अधिनियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी साथ ही बोर्ड द्वारा भी ऐसे परीक्षार्थियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## अनुचित साधनों की रोकथाम के संबंध में :–

अनुचित साधन का प्रयोग करने वाले परीक्षार्थी के सम्बन्ध में प्रपत्र 30 में तैयार निदेशक गोपनीय को उसी दिन बिना विलम्ब किये हुए पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से भिजवा देवें। अनुचित साधन का प्रयोग करने वाले परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को परीक्षक के बनाये/भिजवाये जाने वाले पैकेट में कदापि नहीं रखे। विस्तृत जानकारी निर्देश पुस्तिका में दिये गये निर्देशानुसार किये जाये। परीक्षा समाप्ति उपरान्त केन्द्र पर अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले परीक्षार्थियों का पूर्ण विवरण/सूची बनाकर निदेशक गोपनीय को पंजीकृत डाक से भिजवाये।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## सम्पर्क सूत्र :–

| क्र.सं. | संबंधित कार्य | पदाधिकारी का नाम | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 01 | उड़नदस्तों, पेपर, कॉर्डिनेटर, माइक्रोऑब्जर्वर तथा विडियोग्राफी , परीक्षा संबंधी अति महत्वपूर्ण कार्यों की व्यवस्था हेतु | श्री राजेश निर्वाण<br>मुख्य नियंत्रक (परीक्षा) | 94145–50620 |
| 02. | प्रश्न–पत्रों की व्यवस्था | श्री मंघाराम तोलानी<br>निदेशक (गोपनीय) | 94137–79590 |
| 03. | उत्तरपुस्तिका एवं उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं अनुचित साधनों संबंधी | श्री रमेश चंद जैन<br>सहायक निदेशक (गोपनीय) | 98281–77431 |
| 04. | परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा व्यवस्था | श्री राकेश माथुर<br>उपनिदेशक (परीक्षा प्रथम) | 96800–74101 |
| 05. | ऑनलाईन प्रवेश पत्र मुद्रण एवं कम्प्यूटर संबंधित कार्य हेतु | श्री महेन्द्र सिंह शक्तावत<br>(एनालिस्ट कम प्रोग्रामर) | 97720–44597 |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

विशेष :–

परीक्षाओं की सफलता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता के साथ संचालन एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। **प्रतिवर्ष केन्द्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिये जाते हैं कि वे प्रश्न–पत्रों के लिफाफे खोलने से पूर्व उन पर अंकित दिनांक, समय एवं विषय/पत्र का परीक्षा कार्यक्रम से भली प्रकार से मिलान कर संतुष्टि कर लें कि खोले जाने वाले प्रश्न–पत्रों के लिफाफे उसी दिन की परीक्षा के है। गलत प्रश्न–पत्रों के लिफाफे खोल लेने पर प्रश्न–पत्र आउट होने जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं जिसके गंभीर परिणाम होते है।** ऐसी किंचित असावधानी बोर्ड को भारी आर्थिक नुकसान तो पहुंचता ही है, साथ ही परीक्षार्थिओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पडता है। अतः इस बारे में विशेष सतर्क रहने के निर्देश दे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## Bills And Payments

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

- समस्त प्रकार के भुगतानों हेतु बिल केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भरे जाएंगे व परीक्षा समाप्त होने के 7 दिवस भीतर ऑनलाइन **Upload** व 15 दिवस के भीतर हार्डकॉपी डाक द्वारा सहायक निदेशक लेखा (व्यय) को प्रेषित किया जाना है।
- इसके पश्चात् प्राप्त बिल स्वीकृत नहीं किए जाएंगें। ऑनलाईन बिल भरने के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर लिंक Accounts पर लॉगिन करे।
- भुगतान संबंधी सभी जानकारियां उपरोक्त लिंक के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## परीक्षा केन्द्र व्यय बिल

- केन्द्र व्यय बिल केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भरे जाएंगे व परीक्षा समाप्त होने के 7 दिवस भीतर ऑनलाइन **Upload** व 15 दिवस के भीतर हार्डकॉपी डाक द्वारा सहायक निदेशक लेखा (व्यय) को प्रेषित किया जाना है।
- इसके पश्चात् प्राप्त बिल स्वीकृत नहीं किए जाएंगें।
- केन्द्र समय समय पर अपना ईमेल व पोर्टल देखते रहें ताकि किसी प्रकार के **Objection** की जानकारी व निस्तारण शीध्र हो सके।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## **माइक्रो आब्जर्वर व् पेपर COORDINATOR के बि**ल से संबंधित

- माइक्रो आब्जर्वर व् पेपर COORDINATOR के बिलों का इन्द्राज प्रथमत: जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा की जाएगी, जिस से संबंधित कर्मचारी को उसका I.D. S.M.S. द्वारा मिल जाएगा।
- कर्मचारी द्वारा I.D. व मोबाइल नंबर का उपयोग कर लॉगिन कर अपना बिल ऑनलाइन ही भरा जाएगा। बिल भरने के पश्चात प्राप्त प्रिंटआउट के साथ अन्य मूल प्रपत्र व् वाउचर संलग्न कर परीक्षा समाप्ति के एक माह के भीतर डाक द्वारा सहायक निदेशक लेखा (व्यय) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर को भेजा जाना है .

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

- **Micro Observer and Paper Coordinator** व केन्द्राधीक्षक के कार्य के भुगतान की दरों हेतु दिनांक 19.10.2020 को कार्यालय आदेश जारी किए जा चुके हैं। कर्मचारी को उपरोक्त कार्यालय आदेश में निर्धारित दर से ही भुगतान किया जाएगा।
- केन्द्राधीक्षक /अति. केन्द्राधीक्षक का भुगतान केन्द्र बिल के साथ केन्द्र को ही किया जाएगा।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## पेपर कॉर्डिनेटर व माइक्रोऑबजर्वर भुगतान की दरें

| | |
|---|---|
| केन्द्राधीक्षक | रू 150 प्रति परीक्षा दिवस मानदेय |
| अति. केन्द्राधीक्षक | रू 110 प्रति परीक्षा दिवस मानदेय |
| पेपर कॉर्डिनेटर | रू 150 प्रति परीक्षा दिवस मानदेय (रू 90 मानदेय व रू. 60 वाहन व्यय) |
| माइक्रोऑबजर्वर | रू 150 प्रति परीक्षा दिवस मानदेय (रू 90 मानदेय व रू. 60 वाहन व्यय) |
| पेपर कॉर्डिनेटर कम माइक्रोऑबजर्वर | रू 150 प्रति परीक्षा दिवस मानदेय (रू 90 मानदेय व रू. 60 वाहन व्यय) |


माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

# Help Desk

Help Line No : 0145- 2945678








Additional Question Papers

यह लिफाफा/पैकेट प्रश्न-पत्र वितरित किये जाने के समय परीक्षार्थियों एवं साक्षियों के समक्ष खोला जाये ।

S-101

# प्रमाणीकरण

हम प्रमाणित करते हैं कि इस लिफाफा/पैकेट की मुद्राएँ तथा चारों ओर के किनारे अक्षत पाये गये । यह लिफाफा/पैकेट जब खोला गया तो किसी प्रकार की सन्दिग्ध स्थिति में नहीं था तथा यह प्रश्न-पत्र लिफाफा जिस परीक्षा, विषय, पत्र, दिन व समय से सम्बन्धित है उसी के लिए ही खोला जा रहा है ।

*साक्षियों के हस्ताक्षर तथा पद*

केन्द्राधीक्षक के हस्ताक्षर तथा पद

(अ) अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक - प्रथम

हस्ताक्षर ..........................

नाम ..........................

विद्यालय ..........................

..........................

..........................

..........................

(ब) वीक्षक

1. हस्ताक्षर ..........................

लिफाफा/पैकेट खोलने का समय

नाम ..........................

..........................

विद्यालय ..........................

दिनांक .................. 2011

2. हस्ताक्षर ..........................

नाम ..........................

विद्यालय ..........................

*टिप्पणी* — 1. यह लिफाफा/पैकेट परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनट पूर्व ही काटा जाय ।

2. वीक्षकों में से दो वरिष्ठ वीक्षक साक्षी होने चाहिए । यदि वीक्षकों की संख्या दो से कम हो, तो केन्द्राधीक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक के अतिरिक्त जितने भी वीक्षक हों, हस्ताक्षर करें ।

माध्यमिक

प्रश्न-पत्र का संकेतांक S-101

**Secondary-01-हिन्दी/HINDI**

| परीक्षा केन्द्र का क्रमांक | प्रश्न-पत्रों की संख्या |
|---|---|
| | 50 |

## हिन्दी/HINDI

## माध्यमिक परीक्षा, 2011

## Secondary Exam., 2011

परीक्षा का दिन : गुरुवार

परीक्षा का दिनांक : अप्रेल 07, 2011

समय : 2.45 सायं से 6.00 सायं तक

विषय : हिन्दी


पत्र : —

*नोट :* केन्द्राधीक्षक द्वारा मिलाने के तुरन्त बाद परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार जाँचा जाय । लिफाफा/पैकेट खोलने से पहले एकबार पुनः परीक्षा कार्यक्रम से मिला लिया जाये ।

S-101

BSER - CONFIDENTIAL DOCUMENTS - 2010-A

BSER CONFIDENTIAL


शेष बचे हुए
प्रश्नपत्र
दिनाङ्क:- 17 3/07
पारी - द्वितीय

## Message of Mrs. Meghna Choudahry
## Secretary



विगत वर्षों में परीक्षा संचालन में ऐतिहासिक परिवर्तन किए गए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम रहे हैं। फिर भी कहीं पर लापरवाही से कार्य करने पर कुछ घटनाएं हो जाती हैं जो कि संपूर्ण व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा देती है। अत: मेरा सुझाव है कि आप सभी सजग रहकर के कार्य करें।

एकल एवं नोडल केंद्रों पर प्रश्न पत्रों की सुरक्षा का 24 घंटे विशेष ध्यान रखा जाना है, यह अति आवश्यक है। किसी भी थाने, एकल या नोडल केंद्र पर नियम अनुसार व विधिवत अलमारी खोलने की कार्रवाई करें। यह निश्चित अवश्य कर लें कि वही पेपर जो उस दिन के लिये नियत है उसी का लिफाफा खोला जाए। प्रश्न पत्रों के परीक्षा केंद्रों तक ले जाने के लिए मजबूत थैले का इस्तेमाल करें और सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखें। अलमारी में से प्रश्न पत्र निकालने के पूर्व भी एक बार पुनः सुनिश्चित करें कि आप उसी दिन होने वाली परीक्षा का पेपर खोलने जा रहे हैं।
प्रश्न पत्रों को जिलों में पहुंचने के उपरांत संपूर्ण परीक्षा अवधि में उन्हें सुरक्षित रखे जाने का दायित्व परीक्षा संचालन समिति और जिले के संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों का है। वह अपने कार्य को सजगता से अंजाम दें, ताकि इससे कोई अन्यथा स्थिति उत्पन्न ना हो और संपूर्ण परीक्षा कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

आपका सहयोग हमेशा ही मिलता है इसके लिए हार्दिक धन्यवाद व शुभकामनाएं।

# Thank You

## Board of Secondary Education, Rajasthan